एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K0147A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. RAJKUMAR CHOPDA , 2. RAJENDRA KUMAR , 3. ASHOK KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOHAR CHAND CHOPDA , DHARAMCHAND JI CHOPDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा अध्यक्ष 1. गौतम चंद जैन 2. चंद्रकांत लुंकड़** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. नेमीचंद गोलछा 2. महेन्द्र लुंकड़** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./18404/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 25-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18404**
**वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K00147** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. RAJKUMAR CHOPDA , 2. RAJENDRA KUMAR , 3. ASHOK KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOHAR CHAND CHOPDA , DHARAMCHAND JI CHOPDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा अध्यक्ष 1. गौतम चंद जैन 2. चंद्रकांत लुंकड़** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. नेमीचंद गोलछा 2. महेन्द्र लुंकड़** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम : जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र द्वारा अनेकों गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन

### क्योर टीबी पेसेंट बदलाव अभिकर्ता की भांति समाज को टीबी मुक्त बनाने में करें सहयोग



**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने और टीबी मुक्त पंचायत के मापदंडों की दृष्टि से कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा अनेकों गतिविधियों का क्रियान्वयन और आयोजन किया जा रहा है। नि-क्षय निरामय कार्यक्रम में सौ दिवसीय कम्पेन के तहत सूरजपुर जिला मुख्यालय के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान एसआरपीआर सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कार्यशाला का आयोजन कर पॉजिटिव मरीजों को फूड बास्केट वितरण किया गया। जिसमें एसआरपीआर सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, पांडेय पैथोलैब एवं साधुराम विद्या मंदिर का सराहनीय और उल्लेखनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपीलदेव पैकरा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के निर्माण में सबकी सहभागिता और सबका सहयोग आवश्यक है चिकित्सक और चिकित्सालय तो अपना कार्य करेगा ही पर समाजसेवी संस्थानों या समाजसेवी व्यक्तियों को इस दिशा में आगे आना होगा। इसके साथ ही साथ जो टीबी के मरीज हैं वह भी जागरूकता और संवेदनशील बने, जो टीबी मरीज उपचार पूर्ण कर टीबी मुक्त हो रहे हैं वो समाज को बतायें की हमने टीबी की दवा अपने निकटवर्ती शासकीय अस्पताल से निशुल्क प्राप्त कर, नियमित सेवन किया और आज मैं पुरी तरह से स्वस्थ हुं। ऐसे करने से समाज में सकारात्मक संदेश जायेगा। क्योर टीबी पेसेंट बदलाव अभिकर्ता बनकर टीबी मुक्त भारत के लिए सहयोग प्रदान करें। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जे एस आर सरूता ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत के निर्माण से व्यक्ति और समाज दोनों का भला होगा। आपके पड़ोस में टीबी के सम्भावित लक्षण वाले व्यक्ति हैं तो संक्रमण का भय सबको है इसलिए पड़ोसी धर्म को निभाते हुए उक्त व्यक्ति को बलगम जांच का सुझाव दे। जब यह कार्य समाज के हर व्यक्ति करने लगेगा तो समाज टीबी मुक्त की ओर अग्रसर होगा। एसआरपीआर सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के ट्रस्टी और समाजसेवी राहुल अग्रवाल ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के निर्माण में नि-क्षय मित्र बनकर हम सभी सहयोग बने यह एक बहुत बड़ा पूर्ण का कार्य है। आप ऐसे व्यक्ति को सहयोग कर रहे है जो स्वास्थ्य समाज के लिए अतिआवश्यक है। पांडेय पैथोलैब के संचालक ओमकार पान्डेय ने कहा कि टीबी की बिमारी अब लाइलाज नहीं है और इसके इलाज और उपचार के लिए कहीं अन्यत्र जाने की भी आवश्यकता नहीं है नई तकनीक वाले सभी जांच सुविधाएं जिला और ब्लॉक में उपलब्ध है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश पैंकरा ने कहा कि टीबी के सामान्य लक्षण व्यक्ति को जैसे ही दिखें वह स्वयं अस्पताल जाकर बलगम का जांच करवा सकता है। चिकित्सा विभाग आपके सेवा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डीपीसी संजीत कुमार ने जिले के अनेकों क्योर टीबी पेसेंटों की सफलता की कहानी बताया। उन्होंने नि-क्षय निरामय कार्यक्रम का लक्ष्य और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति टीबी का दवा खाकर ठीक हो गया है वह समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर लोगों को टीबी मुक्त की बातें बतायें।

# स्वच्छता दीदीयों ने नवनिर्वाचित महापौर का पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत



**एमसीबी(विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र में स्वच्छता को विशेष ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रथम नागरिक महापौर राम नरेश राय ने नगर के बड़ा बाजार मुख्य मार्गो का दौरा कर आमजनों से रूबरू हुए। महापौर राय ने नगर के बड़ा बाजार एवं छोटा बाजार के एसएलआरएम सेंटर का दौरा कर स्वच्छता दीदीयों व उपस्थित कर्मचारियों से भेंट कर उनका परिचय प्राप्त किया। महापौर ने सेंटर परिसर में साफ-सफाई एवं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली और पूरे परिसर का अवलोकन भी किया। एसएलआरएम सेंटर की सुपरवाइजर ने बताया कि एकत्रित कचरे के पृथक्करण के बाद गीला एवं सूखा कचरा को अलग-अलग कर पृथक किया जाता है। उन्होंने पॉलिथीन मशीन के बारे में जानकारी ली। इसी प्रकार सोमवार को नगर निगम आयुक्त रामप्रसाद आचला ने भी स्वच्छता टीम के अधिकारी उमेश तिवारी के साथ शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में स्वच्छता सर्वेक्षण ओडीएफ प्लस-प्लस को विशेष ध्यान में रखते हुए छोटा बाजार आकांक्षा शौचालय, बड़ा बाजार एवं छोटा बाजार के एसएलआरएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

## पीएम आवासों को पूर्ण कराने हितग्राहियों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने हेतु घर- घर दस्तक अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल का गठन किया गया है। जिले के प्रत्येक पंचायत में प्रोत्साहन दल एवं जिले से निरीक्षण दल की टीम द्वारा आवास हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दल में बिहान की सक्रिय महिला,रोजगार सहायक, आवास मित्र,ग्राम संगठन सहायिका शामिल है।स्वीकृत आवास को पूर्ण कराने के उद्देश्य से आवास बनाने में आ रही समस्याओं के बारे में हितग्राहियों से जानकारी ली जा रही है। सेंट्रिंग प्लेट की समस्या के कारण रुके हुए आवास में महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट त्वरित क्रय कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।अब तक 218 महिला समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट आवासों में सप्लाई किया जा रहा है।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं के द्वारा प्रत्येक आवास में प्रति दिन प्रोत्साहन दल के माध्यम से आवास हितग्राही से मिलकर उन्हें अपने आवास को पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।जिले से निरीक्षण दल द्वारा प्रोत्साहन दल के कार्यों को जमीनी स्तर में क्षेत्र भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है।

## कांग्रेस व भाजपा में उपाध्यक्ष पद को लेकर हलचल, निर्दलीय पार्षदों को साथ लाने प्रयास

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भाजपा से 10 व कांग्रेस से 13 पार्षद चुनाव जीतकर आये है। उपाध्यक्ष बनने के लिए 6 निर्दलीय पार्षदों को अपने साथ लाने वाले पार्टी का व्यक्ति ही उपाध्यक्ष बनेगा। जबकि एक बसपा की पार्षद है। भाजपा ने दिनेश सिंह को प्रभारी बनाया है। इसके बाद से कांग्रेस व भाजपा में उपाध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज हो गयी है। भाजपा की पार्षद निर्दलीयों को अपने साथ लाने का प्रयास कर रही है। सूत्रों का कहना है कि 4 निर्दलीय पार्षद भाजपा में आने के लिए तैयार हो गये है। इधर कांग्रेस में भी पार्षद काफी दिनों से सक्रिय है। सबसे अधिक 13 पार्षद कांग्रेस में है। लेकिन प्रदेश में सरकार नहीं होने से इन पार्षदों को काफी मशक्कत करना पड़ेगा। वहीं पार्षद उपाध्यक्ष बन सकता है जो सर्वगुण संपन्न होगा। इस मामले में कांग्रेस के पार्षद तेज प्रताप का नाम काफी प्रमुखता से आया है, इसके अलावा राजकुमार मिश्रा सहित अन्य पार्षद भी तैयारी कर रहे है। उपाध्यक्ष पद के लिए पार्षद लगातार गोपनीय ढंग से बैठक ले रहे है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टीकाराम मनहर का कहना है कि अभी तक किसी भी नेता को पर्यवेक्षक नहीं बनाया गया है।

# हाईकोर्ट ने फर्जी आर्य समाज विवाह संस्थानों पर की सख्ती



**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद प्रदेश में आर्य समाज के नाम पर अवैध रूप से विवाह कराने वाले संस्थानों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ संस्थान बिना मान्यता के आर्य समाज के नाम पर विवाह संपन्न करा रहे हैं और इसके बदले लोगों से भारी रकम वसूल रहे हैं। इस मामले में हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी के अलावा 12 से अधिक संस्थानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा ने रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी के अधिकारियों पर छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। याचिका में कहा गया है कि इन संस्थानों द्वारा विवाह को व्यवसाय बना दिया गया है और वे आर्य समाज के मूल सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहे हैं। प्रतिनिधि सभा ने ऐसे सभी संस्थानों के पंजीयन को रद्द करने की मांग की है। याचिका में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में 24 से अधिक संस्थाएं आर्य समाज के नाम पर विवाह व अन्य अनुष्ठान करा रही हैं, जिनमें से 10 सिर्फ रायपुर में संचालित हो रही हैं। दुर्ग में पांच और बिलासपुर में तीन संस्थाएं शामिल हैं। इन संस्थानों को विवाह संपन्न कराने के लिए किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त नहीं है, फिर भी वे आर्य समाज के नाम का उपयोग कर रहे हैं। आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती ने 10 अप्रैल 1857 को की थी। यह संगठन सामाजिक सुधार और जागरूकता के लिए कार्य करता है। संगठन का संचालन तीन स्तरों पर किया जाता है—केंद्रीय स्तर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, प्रांतीय स्तर पर प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा और जिला स्तर पर संबद्ध आर्य समाज। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा राज्य में आर्य समाज मंदिरों की देखरेख और मान्यता देने वाली पंजीकृत संस्था है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बिना संबद्धता के विवाह संपन्न कराना आर्य समाज के नियमों का उल्लंघन है।

# डॉ. सै. सलमा को उत्कृष्ट पत्रकारिता और खिदमते खल्क के लिए सम्मान से नवाजा गया



**रायपुर।** आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन हमशिरा ग्रुप की जानी से आज सम्मान समारोह में स्टेटस होली सटीक पब्लिक स्कूल के नूरु सुबह हाल में महिलाओं का नोट कंपटीशन किया गया जिसमें 90 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया इसमें बुशरा परवीन आलिया बेगम हजरत नजमा बेगम ने जज की भूमिका निभाई जिसमें तैयब सिद्दीकी ने बेहतरीन नात पड़ी वही खिदमते खल्क के खिदमत के लिए उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सैयद सलमा शगुफ्ता शिरीन नाहिदा कुरैशी को उनकी बेदाग़ कलाम के लिए सम्मान से नवाजा गया

इसके अलावा जिन बहनों ने भी नात कंपटीशन में हिस्सा लिया फाउंडेशन ने उनका भी हौसला अफ़ज़ाई कर सर्टिफिकेट और गिफ्ट से नवाजा और उनके बेहतरीन मुस्तकबिल के लिए दुआएं दी ??

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड की नव नियुक्त पार्षद अर्जुमन ढेबर जी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष की वालीदा अतिया बेगम , और निखत खान मैडम थे.

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के द्वाराहर साल छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगह मेडिकल, ब्लड डोनेशन कैंप, नेत्र जांच ओर ऑपरेशन, वृक्षारोपण यानी पेड़ लगाना, शादी के लायक लड़कियों और लड़कों का परिचय सम्मेलन करवाना अभी हाल में18जनवरी को ही रायगढ़ जिले में 9 लोगों की इज्तेमाई शादी करवाई गई है ।

अपने कौम के छोटे बच्चे बच्चियों के दिनी जब्बे को बेदार करने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए नन्हे रोजेदार, अज़ान कंपटीशन, कुरान मुकम्मल, इस्लामिक क्वीज कंपटीशन,नन्हे होनहार इस तरह के प्रोग्राम करवाते हैं

शिक्षा में जागरूकता बढ़ाने के लिए अलग-अलग शहरों में ईदी कलम की , कलम और किताब बांटना और छोटे बच्चों की कोचिंग क्लास,पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, करवाते है

खवातीनों के हुनर आजमाने के लिए मेहंदी कंपटीशन ,नात कंपटीशन, कुकिंग कंपटीशन ,बेस्ट से बेस्ट खेलों का आयोजन करवाते हैं। इसी क्रम में आज यह आयोजन किया गया है

हमशिरा ग्रुप की रायपुर संभाग अध्यक्ष श्रीमती नाज़मा परवीन का कहना है जिस तरह हमारे भाई क़ौम की खिदमत कर रहे हैं हम सभी इस्लामी बहनों का भी फर्ज बनता है कि ऐसे नेक कामों में अपने भाइयों की मदद करें इसके लिए हर जिले में हमशिरा ग्रुप बनाया जाता है ताकि हम इस्लामी बहने भी अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए अलग-अलग वक्त पर होने वाले प्रोग्राम में बढ़ के अपने ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के सारे कामों को कर सकें इस फेडरेशन का मकसद सिर्फऔर सिर्फखिदमत ए खल्क यानी मानव सेवा है

इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने में - रायपुर हमशीरा जिला अध्यक्ष नूरजहा बाजी, राहत बाजी, तबस्सुम बाजी, हमीदा बाजी, सहनाज़ बाजी, नसीम बाजी,और तौसीफ भाई ने अहम योगदान दिया

## संक्षिप्त समाचार

### जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के दौरान प्राचार्य सहित सभी गायब

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा द्वारा आज सुबह शा.उ.मा.वि. अजबनगर स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य समेत समस्त विद्यालयीन स्टाफ अनुपस्थित पाए गए तथा प्रार्थना भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संपन्न कराया किया गया। इसके साथ ही स्कूल के प्राचार्य बिरजीनिया केरकेट्टा को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया गया।

### पीएम किसान योजना की 19 वीं किश्त जारी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले में पीएम किसान योजना के 19 वीं राशि जारी की गई जिसमें जिले के 106255 कृषकों को 22 करोड़ 60 लाख राशि सिधे कृषकों के बैंक खाते में अंतरण कर लाभान्वित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अजिमा अम्बिकापुर जिसमें सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महाराज एवं सभी छः विकासखण्डों में कृषि विभाग, सहकारी समितियो, ग्राम स्तर पर संयुक्त रूप से कृषक एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में पीएम किसान सम्मान समारोह के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर ग्राम नोडल अधिकारियों द्वारा भी बेब लिंक से जोड़कर कृषकों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उदबोधन कार्यक्रम में कृषकों को जोड़कर उत्सव दिवस मनाया गया जिसमें मैदानी अधिकारी /कर्मचारियो अमलो का अहम सहयोग रहा।

### कैदियों के लिए महाकुंभ स्नान का जेल में किया गया आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-जिला जेल में प्रयागराज में जारी महाकुंभ पर्व के अवसर पर आजकैदियों के लिए महाकुंभ सामूहिक पवित्र स्नान का आयोजन किया गया। कैदियों के सामूहिक पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज के संगम घाट से पवित्र गंगाजल लाया गया एवं जेल के प्रांगण में इसके लिए खास इंतजाम किया गया था जिसमें जिला जेल सूरजपुर में परिरुद्ध 347 कैदियों ने पवित्र स्नान में भाग लिया, जिससे कैदियों में महाकुंभ स्नान की श्रद्धा एवं उत्साह देखने को मिला। जेल में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से स्नान कर कैदियों को खुशी मिली एवं कैदियों के द्वारा इस आयोजन के लिए जेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### कीटनाशक पीकर 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में कटघोरा थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में रहने वाली 18 वर्षीय तुलसी पटेल ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। तुलसी अपने माता-पिता से अलग नाना के साथ रहती थी। घटना रविवार की है। सुबह तुलसी के नाना सब्जी बेचने बाजार गए थे। जब वे वापस लौटे तो देखा कि तुलसी के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चैकी प्रभारी दाऊद कुजुर के अनुसार, तुलसी बचपन से ही अपने नाना के घर रहती थी। आठवीं पास करने के बाद वह घर का काम करती थी। नाना के साथ सब्जी की खेती करती थी और इसी से घर का गुजारा होता था। मामले में कई संदेह हैं। तुलसी का मोबाइल फोन भी गायब है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### तेज आवाज में डीजे बजाने वाले तीन साउंड सिस्टम संचालकों पर कार्रवाई

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिले की भाटापारा शहर पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वाले तीन साउंड सिस्टम संचालकों पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए साउंड सिस्टम जब्त किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में डीजे एवं धूमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा दिनांक 22.02.2025 को तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले 03 डीजे संचालकों के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। दिनांक 22.02.2025 को सूचना मिली कि भाटापारा शहर में अग्रसेन भवन के पास, महारानी चौक एवं अस्पताल चौक में डीजे संचालकों द्वारा बहुत ही तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अट्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सर्वेक्षण की माग की गई थी। 1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुन-प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है। जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।

# आस्था के नाम पर श्रद्धालुओं से खिलवाड़

योगेंद्र योगी



जल प्रदूषण और प्रदूषित जल से होने वाली खेती देश के लोगों की सेहत को खराब कर रही है। खेतों में रासायनिक खाद के भारी तादाद में उपयोग के साथ ही नदियों का जल प्रदूषण हालात को भयावह बना रहा है। वोट बैंक की राजनीति के चलते ऐसे मुद्दे राजनीतिक दलों के लिए गंभीर चिंता का विषय नहीं हैं। इतना जरूर है कि सत्ता में आने से पहले नदियों की पवित्रता बरकरार रखने के दावे खूब किए जाते हैं, किंतु हकीकत में इसका उल्टा दिखाई देता है देश में वोट बैंक के लिए किसी भी तरह की भावनाओं का दोहन कर राजनीतिक दल और सरकारें किसी भी हद तक जा सकती हैं। नेताओं को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि लोगों के स्वास्थ्य पर ऐसे मुद्दों का कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्हें सिर्फचिंता है कि कैसे वोट बैंक को अक्षुण्ण रखा जाए, बेशक इसके लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ ही क्यों न होता रहे। महाकुंभ की धार्मिक भावनाओं की आड़ में ऐसा ही हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार केंद्र की भाजपा सरकार के सहयोग से लोगों के स्वास्थ्य की चिंता किए बगैर सच्चाई पर पर्दा डालते हुए कुंभ आयोजन की सफलता का सेहरा बांधने में जुटी हुई है। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा जल, जहां लाखों लोग महाकुंभ के दौरान पवित्र स्नान कर रहे हैं, जबकि बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) के हाई लेवल के कारण स्नान के लिए असुरक्षित घोषित किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया गया कि प्रयागराज के कई स्थानों का जल मलमूत्र कोलीफॉर्म के कारण स्नान के लिए सुरक्षित नहीं है। 16 फरवरी को सुबह 5 बजे संगम पर बीओडी स्तर 5.09 मिलीग्राम प्रति लीटर था, जो सुरक्षित सीमा से अधिक है। बीओडी पानी की गुणवत्ता का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। बीओडी उस ऑक्सीजन की मात्रा को मापता है, जो पानी में मौजूद कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने वाले सूक्ष्मजीवों को चाहिए होती है। यदि बीओडी का स्तर 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक होता है, तो वह पानी स्नान के लिए अनुपयुक्त माना जाता है। महाकुंभ शुरू होने पर, 13 जनवरी को संगम पर बीओडी स्तर 3.94 मिलीग्राम प्रति लीटर था। यह 14 जनवरी को 2.28 मिलीग्राम और 15 जनवरी को 1 मिलीग्राम प्रति लीटर तक गिर गया, जो स्नान के लिए सुरक्षित था। लेकिन 24 जनवरी को यह फिर बढ़कर 4.08 मिलीग्राम प्रति लीटर हो गया और 19 फरवरी को 5.29 मिलीग्राम प्रति लीटर तक पहुंच गया। सरकार ने गंगा में 10000 से 11000 क्यूसेक पानी छोड़कर जल को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया है। उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि 2019 के अर्धकुंभ के बाद जल गुणवत्ता में सुधार हुआ है। 2019 से पहले खुले में शौच की परंपरा थी, लेकिन अब 1.5 लाख व्यक्तिगत शौचालय और दो मल उपचार संयंत्र बनाए गए हैं। ऐसा नहीं है कि उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार को इसकी जानकारी नहीं थी कि संगम का पानी आचमन तो दूर, नहाने लायक भी नहीं है। इसके बावजूद दोनों सरकारों ने पूरा जोर कुंभ में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को आकर्षित करने पर दिया। सरकार संगम में पानी के प्रदूषण की समस्या को नजरअंदाज करके आयोजन को सफल बनाने में जुटी रही। उत्तर प्रदेश सरकार को पहले से ही इस बात की जानकारी थी कि बीओडी निर्धारित मानकों से कई गुना ज्यादा है। सरकार ने इसकी रोकथाम का उपाय नहीं किया। इसके विपरीत ऐसी रिपोर्ट को दरकिनार करते हुए करोड़ों की भीड़ को संगम स्नान के लिए प्रेरित किया। स्टेट ऑफ इंडियाज एन्वायरनमेंट (एसओई) ने वर्ष 2023 की रिपोर्ट में ही नदियों के प्रदूषण को लेकर चेता दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्यों के प्रदूषित नदी स्थलों पर जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) अपने सामान्य मानक से 10 गुना अधिक तक मौजूद है। देश में नदियों के कुल 1920 निगरानी स्थल हैं। इनमें 43 फीसदी अर्थात 817 नदी प्रदूषण निगरानी स्थल ऐसे हैं जिनमें 2019 से 2021 के बीच नदी के पानी की गुणवत्ता नहाने लायक नहीं थी। एसओई 2023 रिपोर्ट के मुताबिक देश की कुल 279 प्रदूषित नदियो में गंगा समेत कुल 33 नदियां ऐसी हैं जहां 10 या उससे ज्यादा स्थानों पर बीओडी स्वीकार्य सीमा से अधिक पाया गया। गंगा में 49 स्थलों पर जबकि यमुना में 35 स्थल, गोदावरी में 31, घग्गर में 27, गोमती में 20, कावेरी में 15, दामोदर में 12, कृष्णा में 12, भवानी में 11, हिंडन में 11, सतलुज में 11 और मूसी में 10 या उससे अधिक स्थलों पर नदियों में बीओडी स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक पाया गया। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 109 नदी प्रदूषण निगरानी स्थल ऐसे हैं जहां बीओडी सामान्य मानक तीन मिलीग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा से 10 गुना अधिक 30 मिलीग्राम प्रति लीटर तक पाया गया। नदियों में बीओडी प्रदूषण के मामले में सबसे खराब स्थिति उत्तर प्रदेश की है। जहां कुल 20 निगरानी स्टेशन केंद्र ऐसे हैं जहां पर बीओडी 30 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक पाया गया है। दूसरे स्थान पर पंजाब है जहां 19 निगरानी स्टेशन केंद्र पर बीओडी 30 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। गुजरात में 10 और तमिलनाडु में 10 निगरानी केंद्र ऐसे हैं, जहां बीओडी स्वीकार्य मानक से 10 गुना तक अधिक है। हरियाणा में नदियों के सात निगरानी केंद्रों और दिल्ली के पांच निगरानी केंद्रों पर पाया गया कि बीओडी 30 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। भारत की 46 फीसदी नदियां प्रदूषित हैं। गंगा के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सर्वाधिक नदियां प्रदूषित हैं तो यूपी और पंजाब ऐसे राज्य हैं जहां सबसे अधिक नदी स्थलों में जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) का घातक प्रदूषण बना हुआ है। देश में कुल 603 नदियां हैं। इनमें करीब 46 फीसदी नदियां प्रदूषण की चपेट में हैं। गंगा समेत देश की प्रमुख नदियां सर्वाधिक प्रदूषित बनी हुई हैं। सरकार ने अकेले गंगा नदी की सफाई पर 13000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, लेकिन ये प्रयास काफी हद तक बेकार साबित हुए हैं। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 2019 में किए गए एक आकलन में पाया गया कि गंगा के किनारे बसे 70 प्रतिशत से ज्यादा शहर अपने कचरे को सीधे नदी में बहा रहे हैं, क्योंकि उनके पास उचित नगरपालिका अपशिष्ट संयंत्र नहीं हैं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कमी और अनुचित अपशिष्ट निपटान तंत्र के कारण 38000 मिलियन लीटर से ज्यादा अपशिष्ट जल भारतीय नदियों में जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भारत में 351 प्रदूषित नदी क्षेत्रों की पहचान की। राष्ट्रीय हरित अधिकरण की 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का 75 प्रतिशत सतही जल प्रदूषित है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में नदियों की हालत सबसे खराब है। गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी नदियां सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं। नदियों के प्रदूषण की समस्या के समाधान के प्रयास ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुए हैं। नदियों में प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है। जल प्रदूषण और प्रदूषित जल से होने वाली खेती देश के लोगों की सेहत को खराब कर रही है। खेतों में रासायनिक खाद के भारी तादाद में उपयोग के साथ ही नदियों का जल प्रदूषण हालात को भयावह बना रहा है। वोट बैंक की राजनीति के चलते ऐसे मुद्दे राजनीतिक दलों के लिए गंभीर चिंता का विषय नहीं हैं। इतना जरूर है कि सत्ता में आने से पहले नदियों की पवित्रता बरकरार रखने के दावे खूब किए जाते हैं, किन्तु हकीकत में इसका उल्टा दिखाई देता है। सत्ता में आते ही ऐसे दावे हवा हो जाते हैं। केंद्र और राज्यों को केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि नदियों में प्रदूषण की यह समस्या सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो जाए। हमें हर हालत में नदियों का प्रदूषण खत्म करके पानी को पीने योग्य बनाना ही होगा।

## आलेख

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं...

विजय तिवारी

उप राष्टपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्टीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।

उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम।

उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।

हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं।

जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्टीय विधायिका के सभापति भी हैं।

मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए।

राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।

सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।

वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।

लेकिन मोदी सरकार के समय जिस प्रकार जांच एजेंसियों ने सत्ता विरोधियों को निशाना बनाने का काम किया है, उसके बाद ही सत्तारूद दल को वाशिंग मशीन की उपाधि मिल गई है।

अब सरकार सीबीआई से ज्यादा इ डी की जांच को प्रमुखता से अवसर दे रही हैं। मोदी सरकार के काल मे यह मुहावरा बन गया हैं की अगर आप गैर भाजपाई है तो आपको धरमराज बन के रहना होगा।

वरना आप एंडी टीवी कर प्रणव रॉय और राधिका रॉय की भांति बेगुनाह होते हुए भी सरकारी जांच एजेंसी इतना परेशान करेगी कि आपको देश छोडना पड़ेगा। यह बात और है कि आठ माह बाद वही जांच एजेंसी अदालत में बयान देती है कि रॉय दंपति के विरुद्ध कोई अपराध किया जाना नहीं पाया गया।

कुछ ऐसा ही झूठ टूजी घोटाले के बारे में विनोद राय ने भी देश से बोल था। जिसको आरएसएस और बीजेपी ने प्रचारित करके तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम किया। फलस्वरूप चुनावों में काँग्रेस की पराजय हुई। उप महामहिम जी को यह समझना होगा कि सरकार बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण लोकतंत्र को कायम रखना हैं और उसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी के अनीतिक और अवैध फैसलों को रोकने टोकने वाला अफसर चाहिए। न कि कारसेवको पर गोली चलवाने वाला मुख्य सचिव जो बाद में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का जिम्मा निभा रहा हैं। इन्हीं कारणों से जांच एजेंसियों के मुखिया की रीढ़ इतनी मजबूत होनी चाहिए कि वह प्रधानमंत्री को भी गलत काम के लिए न कह सके।

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

गजेन्द्र सिंह शेखावत

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु।।' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं। यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।। अर्थात जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है। कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं—मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है। कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है। कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है। कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं।

# अमरीका से निष्कासित हो रहे भारतीय

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

राजनीतिक शरण के नाम पर क्या अमेरिका और कनाडा सरकारें भारत विरोधी समूह यत्नपूर्वक तैयार नहीं कर रही? इसके लिए क्या वहां परोक्ष ब्रांच काम नहीं कर रहीं? इस ब्रांच को तो गधा एअरवेज के यात्रियों का इंतजार करने की भी जरूरत नहीं होती। यह ब्रांच तो बाकायदा उनको अल्प अवधि का वीजा देकर बुलाती है। उसके बाद जांच लेती है कि क्या इनको भारत विरोधी गुट में रिक्रूट किया जा सकता है। यदि उपयुक्त पाया जाता है तो शरण के बाद उसे इस काम में लगा दिया जाता है। लेकिन इस प्रकार के रंगरूट सप्लाई करने का काम भी तो पंजाब में बैठे कुछ तथाकथित प्रतिष्ठित लोग ही तो कर रहे हैं। यह पूरी सप्लाई सिस्टम चेन है जिसका एक सिरा भारत में, दूसरा कनाडा-अमेरिका में है अपने देश को छोड़कर किसी दूसरे देश में जाने के लिए उस देश की सरकार से वीजा लेना पड़ता है। वीजा लेने की यह व्यवस्था बीसवीं शताब्दी में ही शुरू हुई थी। उससे पहले लोग इच्छानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ-जा सकते थे। लेकिन उसके बाद व्यवस्था बदल गई। पर एक दूसरी समस्या आ गई। जरूरी नहीं कि जिस देश में आप जाना चाहते हैं वहां की सरकार आपको वीजा दे ही दे। लेकिन यदि जाना बहुत ही जरूरी हो तो बिना वीजा भी जाने के रास्ते हैं। लेकिन उन रास्तों पर ले जाने के लिए दुनिया भर में गिरोह बने हुए हैं। ये गिरोह अपने आपको एजेंट कहते हैं। बिना वीजा के लोगों को विभिन्न देशों की सरहदें पार करवा देने के काम को पंजाब में डोंकी फ्लाइट कहा जाता है। यदि आप किसी दूसरे देश में वीजा लेकर जाते हैं तो परिवहन की रेगुलर फ्लाइट से जाएंगे। यदि बिना वीजा जाते हैं तो डोंकी फ्लाइट से जाएंगे। रेगुलर फ्लाइट का किराया तो बहुत कम है, लेकिन डोंकी फ्लाइट का किराया पचास लाख से लेकर एक करोड़ तक हो सकता है। अलबत्ता इतना निश्चित है कि यदि डोंकी फ्लाइट से यात्री जाता है तो पकड़े जाने पर देश वापसी रेगुलर फ्लाइट से ही होगी। अब जब ऐसा हो रहा है तो बहुत हो-हल्ला होगा ही। लेकिन असली प्रश्न है कि लोग बिना वीजा लिए अमेरिका-कनाडा जाते क्यों हैं? यह प्रश्न बहुत ही उलझा हुआ है। इसका उत्तर जलेबीनुमा ही हो सकता है। यदि यह मान ही लिया जाए कि अपने मुल्क में नौकरी नहीं मिलती, इसलिए दूसरे देश में नौकरी की तलाश में लोग चले जाते हैं। लेकिन पंजाब और गुजरात से तो उन परिवारों के



युवा जा रहे हैं जिनका अच्छा खासा व्यवसाय है। भरी-पूरी खेती है। पंजाब में तो बहुत से आईएएस प्रशासकों ने कनाडा की पीआरशिप ले रखी है। उनके लिए तो बेरोजगारी समस्या नहीं है। बहुत से युवा तो नौकरी छोड़ कर विदेश जाने के लिए 'गधे पर सवार' (डोंकी फ्लाइट) हो रहे हैं। पंजाब में तो अच्छी भली खेती कर रहे युवा खेत बेच कर उत्तरी अमेरिका में मजदूरी तक करने के लिए भाग रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न बहुत गुंझलदार है। इसकी तह में जाने की बजाय उस काले धंधे के एजेंटों की दुनिया में झांकने की कोशिश करते हैं जो 'गधा एअरवेज' का संचालन करते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भी डोंकी फ्लाइट वालों की वतन वापसी को लेकर बहुत चिंतित हैं। लेकिन उनकी चिंता महज इतनी ही है कि डोंकी फ्लाइट से गए यात्रियों को वापस ला रहे जहाज अमृतसर हवाई अड्डा पर न उतरें, बल्कि वे दिल्ली या अहमदाबाद में उतरें। वैसे गधा एअरवेज कैसे आपरेट करती हैं, इसकी थोड़ी बहुत मालूममात भगवंत मान को भी होगी ही क्योंकि बहुत बार कलाकारों के जत्थे भी ऐसे अभियानों में पाए जाते हैं। गधा एअरवेज अरबों की आर्थिक राजनीति है। एक-एक यात्री से लाखों रुपए वसूले जाते हैं। यह गधा एअरवेज बिना सुसंगठित तंत्र के तो चलाई नहीं जा सकती। यह एअरवेज गैर कानूनी है, इसमें तो कोई शक नहीं। फिर भी यदि यह सफलतापूर्वक चल रही है तो इसके अनेक स्टेकहोल्डर होंगे ही। सबसे बड़ा स्टेकहोल्डर तो वे हैं जो उत्तरी अमेरिका के दिवास्वप्न दिखाते हैं। सबसे बड़ा स्वप्न है कि 'कनाडा और अमेरिका में 'शरण' मिलने की संभावना है। हम यह शरण दिलवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए इतने लाख रुपया देना होगा।' क्या भगवंत मान यह नहीं जानते कि कनाडा या अमेरिका में शरण दिलवाने की एजेंसी किन लोगों ने खोल रखी है? इस एजेंसी को पकडने के लिए पंजाब सरकार ने अभी तक कोई कदम उठाया है? यदि नहीं उठाया तो उसका क्या कारण है? आर्थिक कारण या राजनीतिक कारण? अमेरिका में डोंकी फ्लाइट के माध्यम से जब एक युवक ने अमेरिका में प्रवेश किया और कुछ दिन बाद ही अमेरिकी पुलिस ने उसे पकड़ कर नजरबन्द कर दिया तो उसने सबसे पहले अपने घर फोन करके नजरबन्द होने की ही 'खुशखबरी' दी। जेल में जाना खुशखबरी कैसे हो सकती है? उसने इसका भी खुलासा किया। अब 'वह अमेरिका में शरण के लिए आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। कोर्ट में लम्बा केस चलेगा। कुछ दिन बाद जमानत पर नजरबन्दी से छूट जाएगा। तब तक तो अमेरिका से कानूनन ही कोई निकाल नहीं पाएगा।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल 'चंद्रगिरी' से मुनिश्री समतासागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार डोंगरगांव की ओर हुआ



**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल 'चंद्रगिरी' से निर्यापक श्रमण मुनिश्री समतासागर मुनि श्री पवित्रसागर, मुनि श्री वीरसागर महाराज स संघ का मंगल विहार डोंगरगांव की ओर हुआ।

विगत एक माह से चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की समाधि स्थल पर समाधि के एक वर्ष पूर्ण हो जाने पर दिनांक 1 फरवरी से 18 फरवरी तक लगातार कार्यक्रम चलते रहे इस बीच 6 फरबरी को भारत के गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय सहित उनके मंत्रीमंडल के सदस्यों का भी आना हुआ एवं राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का सिलान्यास कार्यक्रम गुरूदेव की स्मृति में भारत सरकार द्वारा 100 रूपये का सिक्का जारी किया जाना आदि विशेष कार्यक्रम के साथ संतों का आवागमन लगा रहा।एक माह बीत जाने के उपरांत आज से चंद्रगिरी से संतों का विहार शुरु हो गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने संघ सहित 26 जनवरी को चंद्रगिरी में मंगल प्रवेश किया था एक माह प्रवास के उपरांत मुनि श्री आगमसागर जी,एवं मुनि श्री पुनीतसागर महाराज एवं वरिष्ठ आर्यिका गुरमति माताजी संघ सहित तथा तथा आर्यिका दृणमति माताजी, आर्यिका आदर्शमति माताजी एवं ऐलक श्री धैर्यसागर महाराज ने उनकी भावभीनी विदाई दी निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री के समाधि स्थल पर आकर उनको बहूत अच्छा लगा सभी महाराज एवं आर्यिकासंघों के साथ प्रात: एवं मध्य का स्वाध्याय तथा आचार्य भक्ती में सभी उपस्थित श्रावकों ने भी लाभ उठाया तथा सभी ब्रहम्चारिओं तथा तीर्थक्षेत्र कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं का पूर्ण समर्पण एवं सहयोग रहा सभी के लिये आशीर्वाद देते हुये उन्होंने कहा कि हमारे गुरुदेव ने हमें एक ही शिक्षा दी है कि विनय बहुत महान गुण है,यदि आप सामने बाले की विनय करोगे तो वह भी आपकी विनय अवश्य करेगा आप लोग भी इस बात का अवश्य ध्यान रखेंगे तो कभी भी आपके परिणाम आकुल व्याकुल नहीं होंगे उन्होंने कहा कि भावनाओं से ही उच्च गौत्र की प्राप्ती होती है,और ऐसा पुण्य का वंध होता है कि जो आप चाहते है वह आपको मिल जाता है। आचार्य श्री ने हमेशा स्वावलंबी बनने का ही आशीर्वाद दिया है वह हमेशा कहा करते थे कि किसी के पीछे मत लगो किसी की जरुरत नहीं, अपने ध्येय का ध्यान रखो तब हम लोग पीछे से कह दिया करते थे कि आचार्य श्री आपको हम सभी की जरूरत नहीं लेकिन हमें आपकी जरुरत है। मुनि श्री ने कहा सूरज के लिये अनेक कमल हो सकते है,लेकिन कमलों के लिये तो एक अकेला सूरज ही होता है हमारे गुरुदेव हम सभी के लिये सूरज के समान थे जिनके प्रकाश में हम सभी आगे बड़ रहे है, उन्होंने कहा कि गुरूदेव के साथ ब्रहम्चारी अबस्था में श्री सम्मेद शिखर की बंदना हुई थी अब उन्ही के आशीर्वाद से तथा आचार्य महाराज की अनुमोदना से हम लोगों के भाव उसी और पुन: बंदना के हुये है एवं अनुकूलता के साथ आगे बड़ना है आप सभी भी यह भावना भायें कि शास्वत सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेदशिखर जी की बंदना हम सभी की अच्छे से हो उन्होंने कहा कि आचार्य श्री अपनी चर्या के प्रति बहूत कठोर एवं अनुशासन प्रिय थे,लेकिन सामान्य जन के प्रति बहूत नरम थे यदि कोई दीन दुखी विकलांग बूड़ा वृद्ध व्यक्ती आ जाऐ और उनकी नजर पड़ जाऐ तो ठीक ठाक लोगों को भले ही छोड़ दें लेकिन उनकी करूणा उन असहाय और विकलांग व्यक्तिओं पर अवश्य बरसती थी,गुरुदेव के विचार और व्यवहार हमेशा मार्दव धर्म को लेकर होते थे उन्होंने कभी भी किसी से भी अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया,साधारण से साधारण इंसान को भी वह हमेशा जी लगाकर संवोधन देते थे,गुरु ने किसी को बांधा नहीं है हम सभी उनसे बंधे हुये थे, कभी किसी को बुलाकर ब्रत आदि नहीं दिये फिर भी उनके पास ब्रत ग्रहण करने की होड़ लगी रहती थी,वहकभी आदेशात्मक शव्दों का उपयोग नहीं करते थे, कभी कोई ब्रहम्चारी आये और उन्होंने कुछ पूंछा तो उनका एक ही जबाब होता था आप देख लो... प्रवक्ता अविनाश जैन एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया विहार के समय चंद्रगिरी तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष किशोर जैन मंत्री चंद्रकांत जैन,सहित सभी पदाधिकारियों ने गुरूदेव के साथ मंगल विहार कराया आज रात्री विश्राम प्राथमिक शाला टप्पा पर हो रहा है 26 फरवरी को प्रात: मंगलप्रवेश डोंगरगांव में होगा तथा आहारचर्या भी यंही संपन्न होगी। -**अविनाश जैन**

## मुनिसुव्रत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मना धूमधाम से

### विशेष निर्वाण लाडू, विधान से की आराधना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन पुराणों द्वारा काल गणना के आधार पर आज से लगभग 65 लाख 95 हजार 721 वर्ष पूर्व जन्में जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बहुत ही भक्ति और उल्लास के साथ डी.डी.नगर स्थित वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को मनाया गया। संकटमोचक और शनिग्रह के दोष-बाधा निवारण के लिए विशेष अर्चना किए जाने वाले मुनिसुव्रत नाथ भगवान को आज ही के दिन फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इस अवसर पर 1008 श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन में विशेष रूप से तैयार किया गया निर्वाण लाडू भगवान के श्रीचरणों में अर्पित किया गया। चयन के आधार पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का अवसर डॉ. मंजुला जैन व उनके परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर आर्यिका माता द्वारा विरचित विशेष मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन राजेश जैन सिंघई, वर्षा जैन सिंघई व परिवार द्वारा किया गया। प्रात:कालीन अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात् अष्ट द्रव्यों और मंत्रोपचार के साथ भक्तिभाव के साथ जैन समाज के लोगों ने भगवान को अर्घ्यों के माध्यम से अपने भाव समर्पित किए। जैन आगमों के अनुसार भगवान मुनिसुव्रत नाथ के काल में भगवान राम, लक्ष्मण और रावण का जन्म हुआ था।

संकटमोचन भगवान के मोक्ष प्राप्ति के इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री आदिश्वर महिला मंडल और श्री वासुपूज्य सेवा समिति के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में विकास जैन, पवन सेठी, मनोज जैन, रिजुल जैन सिंघई, आशीष जैन, एम के जैन, यशवंत जैन, श्रृद्धा जैन, अनीता जैन, जया जैन, नंदा जैन, प्रभा जैन, चंद्रप्रभा जैन, सुमन जैन, संगीता जैन, आरती जैन, सुषमा जैन, ज्योति जैन, आभा जैन, प्रभा जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। -**डॉ. मंजूला जैन**

## अहंकार को छोड़ें तो ही आनंद संभव : निर्यापक मुनि श्री योगसागर जी

**सागर (विश्व परिवार)।** तुम छोटे हो हम बड़े है यह अहंकार के मोह की परिणिति है।लघुता से ही प्रभुता को पा सकते है। अपनी लघुता को हमे अपनाना होगा। अहंकार को छोड़ें तो ही आनंद संभव है नहीं तो आनंद नहीं मिल सकता है। यह बात निर्यापक मुनिश्री योगसागर महाराज ने उदासीन आश्रम में धर्मसभा में कही। उन्होंने कहा कि मानव जीवन कल्याण करने के लिए है किसी अन्य कार्य के लिए नहीं। दुख से दूर होना चाहते हो तो आपको हमेशा अच्छे और कल्याणकारी कार्य ही करना होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आत्मा में वह शक्ति है वह भगवान बन सकता है। और एक बार भगवान बनने के बाद वापस वह संसार में नहीं आ सकता है। गुरुओं के चरणों में जाकर के हम अपने को धन्य कर सकते हैं। आप भी आराध्य बन सकते हैं जैसे गुरु आराध्य बन गए भक्त ही तो भगवान बनते हैं। इसके लिए अच्छे भक्त बनना होगा। बिना धर्म की शरण मिले आप महान नहीं बन सकते हैं।



**अहिंसा परमो धर्म: यूएस में 2021 में 693 मास शूटिंग्स, 34 घटनाएं स्कूलों में**

## अमेरिका के 40 विश्वविद्यालयों में अब जैन सिलेबस, अहिंसा-सात्विक आहार पर कोर्स

**अहमदाबाद (विश्व परिवार)।** यूएस में 2021 में 693 मास शूटिंग्स, 34 घटनाएं स्कूलों में अमेरिका के 40 विश्वविद्यालयों में अब जैन सिलेबस, अहिंसा-सात्विक आहार पर कोर्स अमेरिका में 2021 में 693 मास शूटिंग्स हुईं। इनमें 34 घटनाएं स्कूलों में हुईं। हिंसा पर समाधान की आस में फेडरेशन ऑफ जैन एसोसिएशन नॉर्थ अमेरिका (जैना) के प्रस्ताव पर अब अमेरिका के 40 विश्वविद्यालयों में जैन धर्म पर कोर्स शुरू होंगे। इनमें जैन धर्म पर पीएचडी व अहिंसा और सात्विक आहार पर अलग कोर्स होंगे।

### 450 करोड़ खर्च होंगे, 96 करोड़ डॉ. जसवंत ने दिए



इस काम में करीब 450 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले चरण में 150 करोड़ खर्च होंगे जो जैना ने दान से जुटाए हैं। इसमें शिकागो में रहने वाले गुजरात के डॉ. जसवंत मोदी ने 96 करोड़ रु. दान दिए हैं। डॉ. मोदी पेशे से गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट हैं। दूसरे चरण में 300 करोड़ रुपए विवि खर्च करेंगे।

### विश्वविद्यालयों के साथ मिल पाठ्यक्रम बना रही जैना

अमेरिका और कनाडा में करीब 1.5 लाख जैन हैं। जैना संस्था अमेरिका, कनाडा व यूरोप के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम तैयार कर रही है। जिसका खर्च अमेरिका में रहने वाले जैन परिवारों द्वारा दिए जाने वाले फंड से उठाया जाता है। इस फंड से जैन धर्म पर शोध, प्राध्यापकों को संस्कृत, प्राकृत और हिंदी भाषा पर स्पेशलाइजेशन करवाना, सिलेबस तैयार करना, छात्रों की स्कॉलरशिप इत्यादि शामिल है।

### पीएचडी समेत 30 से ज्यादा कोर्स

जिन 40 विवि ने जैन धर्म पर पाठ्यक्रम शुरू करने पर सहमति जताई है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन (मैडिसन), यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी (फ्रेंसो कैलिफोर्निया), यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट एट स्टोर्स, कैरीटॉस कम्युनिटी कॉलेज (लॉस एंजेलिस), यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय, यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (लॉस एंजेलिस) और यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय (अर्बाना) शामिल हैं। यहां जैन धर्म से जुड़े 30 से ज्यादा कोर्स पढ़ाए जाएंगे। अमेरिका के अलावा, इजरायल, गल्फ देश, एशिया में भी यह पाठ्यक्रम शुरू होंगे। भारत में बीएचयू व नालंदा विवि को भी प्रस्ताव दिया जाएगा।

### जैन धर्म की शिक्षा अब सामयिक

जैना के अध्यक्ष डॉ. सुलेख जैन ने बताया कि हाल ही में वीगन, और नॉन वाइलेंस जैसे शब्द तेजी से लोगों के बीच बोले और सुने जा रहे है। जबकि जैन धर्म कई हजार वर्षों से यही बातें कह रहा है। हमको लगा कि लोगों को जैन धर्म की जानकारी दी जानी चाहिए। तभी विश्वविद्यालयों से संपर्क किया।

## जैन समाज प्रतिवर्ष मनाये प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस- 'जिनागम पंथ दिवस' : भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज

**सुनेगा भारत- 'दिवाध्वनि' शीर्षक के साथ राजधानी से गूंजी विमर्श वाणी**

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** कब हुआ था जैन धर्म का प्रवर्तन किसने किया था जिनशासन का प्रवर्तन? क्या भगवान महावीर स्वामी ने दिया था जैन धर्म को जन्म नहीं नहीं, भगवान महावीर तो इस अवसर्पिणी काल के चौबीसवें एवं अंतिम तीर्थंकर हुए हैं। वास्तव में यथार्थता की तह तक हम पहुँचते हैं तो ज्ञात होता है, जैन धर्म का कभी जन्म नहीं होता। हाँ, जैन धर्म का जन्म नहीं होता अपितु जैन धर्म का मात्र प्रवर्तन होता है। जी हाँ, इस अवसर्पिणी काल में जम्बुद्वीप के दक्षिण भाग में भरत क्षेत्र में सर्वप्रथम जैन धर्म का प्रवर्तन करने वाले थे इस युग के आदिकाल में जन्मे अंतिम कुलकर राजाधिराज नाभिराज के पुत्र प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ स्वामी।



पंचकल्याणक महोत्सवों से मण्डित प्रथम तीर्येश ऋषभदेव स्वामी को जब फाल्गुन कृष्ण एकादशी के शुभ दिन 1000 वर्ष की साधना काल के पश्न्चात् विश्व के चराचर पदार्थों को दर्पणवत् परिपूर्ण झलकाने में समर्थ केवलज्ञान की प्राप्ति हुयी और सौधर्म इन्द्र द्वारा भव्यातिभव्य समवशरण की रचना की गई आकाश के मध्य भगवान आदिनाथ स्वामी ने समवशरण सभा के मध्य विराजकर जिन धर्म का प्रवर्तन किया। यही दिवस प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस कहलाया। आज ही के दिन भगवान की वाणी जिनागम के रूप इस धरा पर प्रवर्तित हुयी अर्थात् यही दिवस जिनागम पंथ दिवस कहलाया।

**राजधानी दिल्ली में प्रथम बार मनाया गया प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस :** जिनागम पंथ प्रवर्तक भावलिंगी संत संघ शिरोमणि राष्ट्रयोगी श्रमणाचार्य 108 श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ससंघ (37 पीछी) सानिध्य में यमुना विहार के सुप्रसिद्ध यमुना स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में बहु वृहद रूप में राजधानी में प्रथम बार भगवान आदिनाथ स्वामी का केवलज्ञान महामहोत्सव अर्थात प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस अर्थात् जिनागम पंथ दिवस के रूप में मनाया गया।

**समवशरण में विराजमान होकर आचार्यश्री ने बताया जिनागम पंथ दिवस का महत्व :** बन्धुओ ! कुछ लोग मानते हैं कि जैन धर्म की स्थापना भगवान महावीर स्वामी ने की है। किन्तु मैं आपको बता देना चाहता हूँ कि जैन धर्म की स्थापना नहीं होती, जैन धर्म का मात्र प्रवर्तन होता है। भगवान महावीर स्वामी तो अंतिम तीर्थकर हुये है जिन्हें मात्र 2550 वर्ष ही निर्वाण प्राप्ति को हुए हैं। जैनधर्म अनादि-अनिधन सनातन धर्म है जिसका प्रवर्तन इस भरत क्षेत्र में 40449 वर्ष 8 माह 4 दिन कम 1 कोड़ाकोड़ी सागर 1 लाख पूर्व वर्ष पहले प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ स्वामी ने केवलज्ञान रूप स्वभाव को प्राप्तकर समवशरण सभा में विराजकर जिन धर्म, जिनशासन और जिनागम पंथ का प्रवर्तन किया था। बन्धुओं ! हमें अपनी प्राचीनता का बोध अवश्य होना चाहिए। भगवान महावीर स्वामी से पहले 23 तीर्थंकर भगवान निर्वाण को प्राप्त हो चुके थे। इसीलिए हमें आज की पवित्र तिथि अवश्य स्मरण रहना चाहिए। यही वो पावन दिवस है जब इस धरा पर जिनधर्म का प्रवर्तन हुआ था। और भव्य आत्माओं को आत्म कल्याण का मार्ग प्राप्त हुआ। आज का दिन हमें जीवनभर याद रहना चाहिए और प्रतिवर्ष इस धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस को मनाना चाहिए।

**किस प्रकार मनायें प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन :** जिनागम पंथ दिवस हमें अपनी प्रान्चीनता को स्थायी बनाये रखने के लिए भगवान आदिनाथ स्वामी के कल्याणकों को भी महोत्सव पूर्वक मनाना चाहिए। भरत क्षेत्र में प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन के पावन दिवस को स्मरण करते हुए बहुत वृहद् स्तर पर न सही, मंदिर के स्तर पर ही कम से कम जिनधर्म के ध्वज को अवश्य फहराना चाहिए। पारस्परिक वार्ता के द्वारा जैन धर्म की प्राचीनता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिनागम पंथ दिवस की शुभ कामनायें परस्पर देना चाहिए।

**कब होगी हमारी तीर्थयात्रा सार्थक :** आचार्य श्री ने धर्म व तीर्थ रक्षा का पावन संदेश देते हुए कहा आप लोग तीर्थयात्रा को जायें, कभी आपको कोई व्यवस्थायें कमजोर दिखायी दें, आवश्यक सामग्री प्राप्त न हो पायें तो आप कभी भी उनकी आलोचना न करें अपितु उस तीर्थ पर वे सुविधायें- व्यवस्थायें स्वयं ही बनाने का अथवा बनवाने का विचार आगे बढ़ायें तो निश्चित ही आपकी तीर्थ यात्रा अवश्य सार्थक हो जावेगी।

**आचार्य विमर्शसागर गुरु भक्त परिवार को मिला आयोजना का सौभाग्य :** राजधानी दिल्ली- चातुर्मास में नव निर्मित आचार्य विमर्श गुरु भक्त परिवार प्रवीन जैन (नजफगढ़ परिवार), पीयूष-अंकित (विमर्श परिवार), विनोद जैन (कृष्णा नगर) वरुण जैन वैभव-अनुराग (विमर्श अहिंसा परिवार), टीनू-मीनू जैन (कृष्णानगर), रवीन्द्र जैन (फॉम वाले) बाँवी हाजरी-शैलेष जैन मनोज-पवन जैन राजगढ़, संजय जैन (विमर्श रूस परिवार) सौरभ जैन (स्वस्तिक), गौरव जैन आर्जव जैन, गौरव जैन बलवीर नगर, नरेन्द्र जैन (नेताजी) मनीष जैन (VS परिवार), मनोज ऋषभ जैन, राजेश जैन (रघुवर पुरा), इन सभी गुरुभक्तों को जिनागम पंथ दिवस की महा-आयोजना का परम सौभाग्य प्राप्त हुए।

**एनटीपीसी राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता**

## हाटपिपलिया के पार्थ टोंग्या ने वर्ल्ड रैंकिंग में तीरंदाजो के बीच अपना कौशल दिखाकर जैन जगत को गौरवान्वित किया

**हाटपिपलिया (विश्व परिवार)।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के हाटपिपलिया कस्बे के श्री पार्थ जैन टोंग्या ने देहरादून में आयोजित द्वितीय एनटीपीसी राष्ट्र स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाया। हालांकि वह अपना स्थान नहीं पा पाए लेकिन अपने प्रदर्शन से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया धर्मनिष्ट व्यक्तित्व पवन चंदा टोंग्या के पौत्र एवम आनंद रुचि टोंग्या के पुत्र पार्थ टोंग्या की बचपन से ही निशानेबाजी में रुचि रही है। इस रुचि को देखते हुए उनके माता-पिता ने उन्हें इस दिशा में मोड़ दिया।



वर्तमान में पार्थ तुलास इंटरनेशनल स्कूल देहरादून के छात्र हैं एवं व अध्यनरत हैं वहां वे अध्ययन के साथ तीरंदाजी का भी अभ्यास करते रहते हैं। उन्होंने विगत दो वर्षो में अनेक स्थानों पर जाकर तीरंदाजी स्पर्धा मे भाग लिया है। इतना ही नहीं हाल ही में आयोजित तीरंदाजी राष्ट्रीय स्पर्धा जो देहरादून में आयोजित हुई इसमें उन्होंने विश्व स्तर पर तीरंदाजी में अपना परचम दिखाने वाले खिलाड़ियों के बीच अपना कौशल दिखाकर समाज ही नहीं अपितु संपूर्ण परिवार का नाम रोशन किया तीरंदाजी विश्व स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली दीपिका कुमारी, विश्व स्तर पर छठवा स्थान प्राप्त करने वाली अतनु दास, विश्व स्तर पर नवा स्थान प्राप्त करने वाले तरुणदीप राय, विश्व रैंकिंग में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले धीराज बोम्मादेवरा ने ने पार्थ के प्रदर्शन को सराहा एवं तारीफ की। पार्थ को प्रशिक्षण देने वाले जाने-माने कोच सचिन वेदेवान भी पार्थ की लगन की जमकर तारीफ करते हैं उनका कहना है कि एक दिन यह देश समाज एवं परिवार का नाम रोशन करेगा। यही कहा जा सकता हुनर कौशल सफलता किसी की मोहताज नहीं होती यही पार्थ ने कर दिखाया। -**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 27 फरवरी को प्रदेश के सभी 25 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय (ईपीएफओ), रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह फरवरी 2025 में दिनांक 27.02.2025 को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 25 जिलों में क्रमश: जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलौदाबाजार, जनपद पंचायत रामानुजगंज बलरामपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस बिलासपुर, जिला पंचायत धमतरी, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस राधिका नगर भिलाई भिलाई-दुर्ग, आर.टी.ओ. ऑफिस/श्रम कार्यालय टिकर कला गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर जांजगीर-चाम्पा, जिला पंचायत जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), जनपद पंचायत खैरागढ़ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्रम कार्यालय कोरबा, जनपद पंचायत सोनहट कोरिया (बैकुंठपुर), जिला पंचायत महासमुंद, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट कैंपस कमरा नंबर 252 मुंगेली, ई.एस.आई.सी. कार्यालय रायगढ़, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी रायपुर, ई.एस.आई.सी. कार्यालय राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, श्रम कार्यलय अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद् गुरपत रोड सक्ती, जिला पंचायत सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अत: समस्त नियोक्ताओं/ अंशधारकों/ पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

## बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर जोन, दुर्ग क्षेत्र ने धमधा में अपनी 52वीं शाखा का किया शुभारंभ

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर जोन, दुर्ग क्षेत्र ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए धमधा में अपनी 52वीं शाखा का उद्घाटन किया। यह शुभारंभ बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संजय विनायक मुदलियार द्वारा मंगलवार, 25 फरवरी को प्रात: 11 बजे किया गया।



इस अवसर पर दिवाकर प्रसाद सिंह, अंचल प्रमुख, रायपुर; डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक, रायपुर; अनंत माधव, क्षेत्रीय प्रमुख, दुर्ग क्षेत्र; सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय प्रमुख, दुर्ग क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि भवानी शंकर परिडा, क्षेत्रीय प्रमुख, धमतरी उपस्थित रहे। बैंक की इस नई शाखा से क्षेत्र के किसानों, मध्यम वर्ग के व्यवसायियों एवं आम नागरिकों को उन्नत बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होंगी। कृषि, रिटेल और व्यवसाय लोन सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी निदेशक श्री संजय विनायक मुदलियार द्वारा 'मास्टर स्ट्रोक' खाता खोलने के लिए क्रिकेट बैट पर हस्ताक्षर किए गए एवं दो ट्रैक्टर लोन की स्वीकृति के तहत ग्राहकों को सांकेतिक रूप से चाबी सौंपी गई। इसके अलावा, कार्यकारी निदेशक श्री संजय विनायक मुदलियार ने धमधा शाखा के मार्च 2025 की समाप्ति तक 10 करोड़ रुपये का व्यवसाय प्राप्त करने की उम्मीद व्यक्त की। श्री संजय विनायक मुदलियार ने धमधा वासियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस उद्घाटन समारोह को सफल बनाया। साथ ही, उन्होंने आग्रह किया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा खुलने की जानकारी उन लोगों तक भी पहुंचाई जाए जो समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों को बैंक में उपलब्ध सभी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें बीमा, म्यूचुअल फंड और विभिन्न सरकारी योजनाएं शामिल हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा से मिले पालिका अध्यक्ष




**बेमेतरा (विश्व परिवार)।** विजय सिन्हा ने कलेक्टर बेमेतरा रणवीर शर्मा से मुलाकात कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते कहा कि चुनाव या निर्वाचन, लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनते है।चुनाव के द्वारा ही क्षेत्रीय एवं स्थानीय निकायों के लिये भी व्यक्तियों का चुनाव होता है।चुनाव लोकतंत्र का एक महापर्व है। चुनाव में कलेक्टर की भूमिका ज़िला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और रिटर्निंग ऑफ़िसर (आरओ) के तौर पर होती है।जिसमें हमारे ज़िले के कलेक्टर रणवीर शर्मा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा अपनी जिम्मेदारी का अच्छा निर्वहन किया है। इसके लिए बेमेतरा कलेक्टर और उनकी प्रशासनिक टीम धन्यवाद के पात्र है ।मै अपनी तरफ से उन्हें बधाई देता हूं। विजय सिन्हा ने आगे बताया कि अभी मै नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुआ हूं,शपथ ग्रहण भी नहीं लिया हूं।मेरे सामने नगर में गंभीर जल की समस्या सामने आ गई है। दैनिक जीवन में जल अति आवश्यक संसाधन है।पिछली बार कांग्रेस में भ्रष्टाचार इस कदर हुआ कि जहां 400 फीट होना था वहां 250 फीट कराया गया है। इस संबंध में मैने कलेक्टर महोदय से मिलकर सारी वस्तुस्थिति से अवगत करा निवेदन किया कि, जल की गंभीर समस्या से निजात दिलाने प्रशासन का पूरा सहयोग प्रदान करें।जिससे नगर में पानी की किल्लत दूर हो सके।

### घर घुसकर महिला की चाकू मारकर हत्या

**धमतरी(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में खूनी वारदात सामने आई है. यहां दिनदहाड़े घर घुसकर बदमाशों ने महिला कुंती बाई की बटनदार चाकू से हत्या कर दी. आरोपियों ने महिला के शरीर पर चाकू से कई प्राणघातक हमला किया. हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है. पूरा मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कुंती बाई पटेल आज दोपहर अपने घर में अकेली थी. करीब दोपहर 1 बजे दो बदमाश घर में घुस आए. आरोपियों ने बटनदार चाकू से महिला कुंती पटेल की छाती, पसली और हाथ में प्राणघातक हमला कर दिया. घटना में महिला की मौत हो गई. जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत मेंलिया है, जिससे पूछताछ कर रही है. फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे का कारण तलाशने में जुटी हुई है. मामले में अर्जुनी थाना प्रभारी सन्नी दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ युवकों ने एक महिला को धारदार हथियार से वार कर दिए हैं. जिसकी जांच के लिए पुलिस मौके पर पहुंची है. इस दौरान पता चला कि महिला को धमतरी जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई है. एक आरोपी को हिरासत में है. वहीं एक अन्य आरोपी की पतासाजी जारी है.

# नगर मे मीठा जल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने विधायक दीपेश साहू ने की मैराथन बैठक

**बेमेतरा(विश्व परिवार) ।** विधायक दीपेश साहू ने अपने निवास कार्यलय मे बीते शनिवार को बैठक आयोजित किया द्य जिसमे नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष, सभी भाजपा पार्षद, सीएमओ, इंजिनियर शामिल हुए द्य बैठक के दौरान विधायक साहू ने नगर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई और मीठे जल आपूर्ति, विधुत व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए ताकि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, जल आपूर्ति को सुचारू करने और नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। विधायक साहू ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने पर जोर दिया। विधायक दीपेश साहू ने नगर में मीठे जल आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा की मीठा जल आवर्धन योजना के तहत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जहां-जहां जल संकट की स्थिति बनी हुई है, वहां त्वरित समाधान निकाला जाए। विधायक ने पाइपलाइन लीकेज, जल प्रदूषण और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को जल आपूर्ति की नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत देने के निर्देश भी दिए।नगरवासियों को बेहतर जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका और प्रशासन को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। विधायक दीपेश साहू ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक रूप से छुट्टी न लें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सफाई कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने को कहा। विधायक ने स्पष्ट किया कि अगर कोई कर्मचारी लापरवाही करता है या बिना कारण छुट्टी लेता है, तो उस पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# किसान सम्मान निधिः 97 हजार 412 किसानों के खाते में 19.48 करोड़ रूपए अंतरित



**मुंगेली(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 19वीं किश्त के रूप में बिहार के भागलपुर से 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से 22 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि अंतरित की। इनमें जिले के 97 हजार 412 किसानों के बैंक खाते में 02-02 हजार रूपए के मान से 19.48 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया गया। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किसानों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन की उन्नत कृषि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. एल. शर्मा, कृषि विभाग के उपसंचालक एम. आर. तिग्गा, सहायक संचालक एम.एस.पैकरा एवं ललिता मरावी, इंजीनियर डॉ.पी.के.सिंह एवं एस. के. लहरे, विषय विस्तु विशेषज्ञ पल्लवी पोर्ते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.पी. कोशले सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 08 वाहन चालक पर की गई कार्यवाही

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने एवं सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, वाहन रिपेरिंग सेंटर, हॉटल,ढाबा, हॉट-बाजार एवं वाहन चेकिंग के दौरान वाहनो का चेकिंग कर गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना/चौकी स्टाफ के द्वारा 卐सशक्त




एप卐 (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, वाहन रिपेरिंग सेंटर, हॉटल,ढाबा, हॉट-बाजार, सदर बजार एवं चौक-चौराहो में वाहन चेकिंग कर व पेट्रोलिंग के दौरान सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से थाना बेरला से 14 वाहनो का चेकिंग की गई।

## नगरी में लोगों ने की जमकर वोटिंग

**नगरी(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के नगरी में पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की। इसी कड़ी में एक युवा मतदाता दूल्हा राजा बनकर बारात जाने से पहले मतदान केंद्र पहुंचा। बारात जाने से पहले दूल्हा मतदान केन्द्र पहुंचा और अपना मतदान किया। जिला पंचायत सदस्य के लिए 3 सीट, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 25 सीट और 102 ग्राम पंचायतों में मतदाता सुबह से ही लाइन में लगकर मतदान देने के लिए कतार में लगे रहे। इस चुनाव में नए मतदाताओ सहित युवा, बुजुर्ग एवं महिलाओ ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ मतदान किया। वही नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत उमरगांव मे एक युवा मतदाता का विवाह था जो बारात जाने से पहले सेहरा बांध कर दूल्हा राजा के रुप में अपने परिजन के साथ मतदान केंद्र पहुंचा और गांव की विकास के एक अच्छे लीडर चुनने के लिए अपना मतदान किया। बता दे कि जब दूल्हा मतदान केंद्र पहुंचा तो उस वक्त आकषर्क का केन्द्र बना रहा। इस चुनाव में मतदान केंद्र से100 मीटर दूरी पर ग्राम पंचायत के सरपंच पद के प्रत्याशी सहित जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों ने विभिन्न जगहों पर स्टॉल लगाकर लोगो के लिए चाय, पानी एवं नाश्ते की व्यवस्था कर मतदाताओं को आकर्षित किया। मतदान केंद्र से 100 मीटर के पहले लोगों में काफी भीड़ देखा गया जहा पर एक त्यौहार जैसा माहौल रहा।

## नारायणपुर के नवनिर्वाचित सरपंच ने विजय रैली निकालकर जनता का जताया आभार

**बेमेतरा/नारायणपुर(विश्व परिवार)।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के नवनिर्वाचित सरपंच ने अपने गांव के आम मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए गांवों में बैंड बाजे में विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का आशीर्वाद व आभार व्यक्त किया, तृतीय पंचायत चुनाव में हुए चुनाव में ग्राम पंचायत नारायणपुर में दो लोग सरपंच प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे, जहां युवा प्रत्याशी बिसाहू राम साहू ने एक बार फिर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को एक तरफा 315 मतों से पराजित कर पुन: सरपंच बने जहां आभार रैली निकालकर ऐतिहासिक जश्नन मनाया।व ग्रामीणों ने बैंड बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल से शरा बोर कर दिए। जहां जुलूस सबसे पहले मां महामाया मंदिर में जाकर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात लोगों के घर-घर पहुंचने पर नवनिर्वाचित सरपंच को लोगों ने आरती उतारकर पुष्प माला से स्वागत सत्कार किया। जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ आभार रैली में उमड़ पड़ी जहां आभार रैली में युवक महिला पुरुषों के साथ सभी वर्गों के लोगों शामिल हुए, इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच ने अपने गांव के आम मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए गांवों में विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया साथ ही पंचायत के मूलभूत विकास कार्यों को तेजी के साथ करते हुए पंचायत की सर्वांगीण विकास करने जनता के साथ मिलकर हर कार्य को जनता के मुताबिक गांव की गलियों में हर गली में सीसी रोड तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का कार्य करेंगे तथा समस्त मतदाताओं को हृदय से धन्यवाद आभार जताते हुए मतदाताओं के भरोसे को कायम रखने और ग्राम पंचायत व गांव की सभी मूलभूत कार्यों को साकार करने व जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचते हुए गांव के विकास के लिए हर संभव कोशिश करने की बात कही।



# महिलाओं को मिला समर्थ कौशल विकास का प्रशिक्षण

### किसान स्कूल में 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**जांजगीर-चाम्पा(विश्व परिवार)।** बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में बिहान की 27 महिलाओं को समर्थ कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो जिले की महिलाएं शामिल हुई। यह प्रशिक्षण केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान केंद्र, प्रशिक्षण संस्थान रांची झारखंड के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर रामाधार देवांगन व असिस्टेंट ट्रेनर पूरन देवांगन ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में बहेराडीह और सिवनी गांव के अलावा पड़ोसी कोरबा जिले के सुखरीखुर्द और सिधरामपुर की बेरोजगार महिलाओं और युवतियों को कॉटन, तसर और कोसा रेशम से कपड़ा बनाने की तकनीक बताई गई। इसके साथ ही उन्हें शूटिंग, सर्टिंग साड़ियां बनाना तथा डाबी और जेकार्ड मशीन से साड़ियों में डिजाइन बनाने की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान केंद्र सिवनी चाम्पा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में बहेराडीह गांव से पुष्पा यादव, साधना यादव, रानी यादव, दुर्गेश्वरी यादव, शकुंतला यादव, ललिता यादव, साधना यादव, दीपिका यादव, पुष्पा यादव, दीप्ति झरना कश्यप, कंचन कश्यप, कमलेश्वरी कश्यप, चन्द्रकला कश्यप, सुखबाई कश्यप, मंजुलता कश्यप, गंगा बाई गोड़, सिवनी से श्यामा बाई देवांगन, सुलोचनी देवांगन, सविता कश्यप आदि शामिल हुए।



## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर चार शिक्षक निलंबित

**कांकेर(विश्व परिवार)।** त्रिस्तरी आम निर्वाचन 2025 के तहत अंतिम चरण का मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने चार शिक्षकों को निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक 72 में पीठासीन अधिकारी के रूप में प्राथमिक शाला पीवी 68 के प्रधान पाठक माध्यमिक शाला ताडहूर मन्नूलाल नेताम, मतदान अधिकारी दो प्राथमिक शाला पीवी 71 के सहायक शिक्षक देवराज तितराम, मतदान अधिकारी एक माध्यमिक शाला पीवी 15 के शिक्षक बेद्युति विश्वास और मतदान अधिकारी तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकसोड़ के सहायक शिक्षक विवेक एक्का को मतदान पश्चात मतदान सामग्री वापसी के दौरान सिर्फ मतपेटी जमा कर अन्य निर्वाचन सामग्री संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा नहीं किए जाने व निर्वाचन सामग्री के साथ अनुपस्थित रहने तथा दूसरे दिन 24 फरवरी को प्रात- साढे आठ बजे तक निर्वाचन सामग्री संग्रहण केंद्र में जमा नहीं किया गया। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही को दर्शाता है। उक्त कृत्य कदाचरण एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। उक्त कार्य के लिए चारों शिक्षकों को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर मुख्यालय होगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी

## व्यापार समाचार

## शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की



**भोपाल।** सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने आज मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफ़र से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफ़डी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग - अलग जरूरतों को पूरा करती है। भारतीय सोलर पंप मार्केट में एक मान्यता प्राप्त लीडर, शक्ति पंप्स एनर्जी एफिशिएंसी और स्थिरता पर जोर देते हुए दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करता है। कंपनी ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और लाभप्रदता का प्रदर्शन किया है। शक्ति पंप्स, सोलर पम्पस के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की पीएम कुसुम योजना का एक चैनल पार्टनर भी है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सोलुशंस के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह रणनीतिक निवेश शक्ति समूह के अंतर्गत तीन अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से किया जाएगा, जो सभी मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित हैं:

शक्ति एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड: यह कंपनी 1200 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ वेफ़र से सोलर सेल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसकी क्षमता 2 गीगा वॉट होगी. उद्यम से लगभग 4000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड: ग्रुप इस इकाई में 250 करोड़ रुपयों का अतिरिक्त निवेश कर सोलर पंप, मोटर, वीएफ्डी (वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव), इनवर्टर, संरचनाओं और अन्य संबंधित घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिस से अनुमानित 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा.

## भारती एयरटेल ने 5जी के विस्तार के लिए एरिक्सन की 5जी कोर तकनीक के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली:** भारती एयरटेल और एरिक्सन (ड्ढस्ठत्त्र श्वक्रद्बष्ट) ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुँचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत, एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रिय, बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगा, ताकि ग्राहकों को 5जी की उन्नत क्षमताओं का लाभ मिल सके। भारती एयरटेल के सी टी ओ, रणदीप सेखों ने कहा कि एरिक्सन के साथ एयरटेल की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी एक रोमांचक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जो एयरटेल के 5जी स्टैंडअलोन में बदलाव के लिए एरिक्सन के 5जी कोर सोल्यूशन के साथ शुरू हो रहा है। यह रोलआउट एयरटेल की लंबे समय तक चलने वाली 5जी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इससे नेटवर्क के साथ ही ग्राहकों को नई, विशिष्ट सेवाएँ देने की क्षमता भी बढ़ेगी। एरिक्सन के दक्षिणपूर्व एशिया, ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेस विसेंते कहते हैं: वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप में, एरिक्सन भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए पटेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारती एयरटेल के नेटवर्क को 5जी स्टैंडअलोन के लिए तैयार करने और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एरिक्सन का डुअल मोड वाला 5जी कोर नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित सेवाओं और नेटवर्क एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से राजस्व बढ़ाने में मदद करता है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए नए इनोवेटिव उदाहरण प्रस्तुत होते हैं। इस समझौते के तहत, एरिक्सन अपने सिग्नलिंग कंट्रोलिंग सॉल्यूशन को भारती एयरटेल के नेटवर्क में जोड़ेगा। साथ ही, 5जी स्टैंडअलोन चार्जिंग में सक्षम पॉलिसी सॉल्यूशन भी पेश किए जाएँगे। यह नई क्षमताएँ भारती एयरटेल की 5जी राजस्व बढ़ाने की रणनीति को मज़बूती देंगी, जिससे नए व्यावसायिक मॉडल विकसित करने का रास्ता खुलेगा। एरिक्सन, भारती एयरटेल का एक पुराना कनेक्टिविटी साझेदार है और दोनों के बीच 25 से अधिक वर्षों से घनिष्ठ संबंध हैं। इस दौरान मोबाइल संचार की हर पीढ़ी में साथ काम किया गया है, जिसमें भारती एयरटेल के भारत में पहले 5जी अनुबंध का पुरस्कार भी शामिल है।

## राधा कृष्ण मंदिर शक्ति नगर में क पूजन-अनुष्ठानों के साथ...महा भंडारा का आयोजन....

**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर धर्मधानी रायपुर के मंदिरों में उत्साह का माहौल है। रंगरोगन के साथ विद्युत रोशनी से की जा रही शिवालयों की साज-सज्जा देखते ही बन रही है। विगत 5 वर्षों से लगातार राधा कृष्ण मंदिर शक्ति नगर में पूजन- अनुष्ठान के साथ भक्तों के लिए महा भंडारा का आयोजन इस वर्ष भी 26 फरवरी को राधाकृष्ण मंदिर में भव्य आयोजन होगा,आयोजन समिति के प्रमुख सीताराम कुर्रे व शिव लाल देवांगन ने बताया कि बुधवार शिवरात्रि को प्रात:काल से विधि-विधान द्वारा.महादेव जी की महाआरती के साथ पूजा अर्चना की जाएगी।पूजा के पश्चात भोग प्रासाद के रूप मे भंडारे का वितरण 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगा,साथ ही साथ इस विशेषतौर से भगवान शिव का शिवलिंग बर्फ में बेह्तरीन आर्टिस्टिक कलाकारी से उतारी जाएगी कलाकार शिवलाल के द्वारा जो कि आकर्षण का विषय होता है


## मोहम्मद हफीज ने विराट कोहली को बताया असली किंग, बाबर आजम पर दिया अहम बयान



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को खेले गए अहम मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में जहां पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, वहीं भारतीय दिग्गज विराट कोहली (100*) ने 51वां शतक जड़कर भारत को आसान जीत दिलाई। मैच के बाद पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने बाबर की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि विराट कोहली क्रिकेट के असली किंग हैं। हफीज ने मैच के बाद गेम ऑन है शो पर कहा, बाबर आजम असली किंग नहीं हैं। यह विराट कोहली हैं। उनके प्रदर्शन को देखिए। उन्होंने पूरी दुनिया में अपना दबदबा बनाया है। अपनी पीआर मशीनरी से बाहर निकलिए। हमें एक परफॉर्मर की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, मुझे बाबर आजम बताइए, पिछले 10 सालों में सबसे बेहतरीन पाकिस्तानी खिलाड़ी कौन है। मुझे भारत के खिलाफ उनका कोई भी एक अच्छा प्रदर्शन तो बता दीजिए। हफीज ने कहा, हम हमेशा शोएब अख्तर के भारत के खिलाफ प्रदर्शन को क्यों याद करते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच में यूनिस खान का नाम बड़ा क्यों होता है। शोएब मलिक ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, बाबर, इंजमाम-उल-हक नहीं हैं। इंजी भाई कठिन परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए मैच जीतते थे। बाबर ने आज तक भारत के खिलाफ एक मैच नहीं जीता है। ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड में उन्होंने कभी भी पाकिस्तान को जीत नहीं दिलाई है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर (23) और इमाम उल हक (0) के रूप में शुरुआती 2 विकेट जल्दी खो दिए। उसके बाद सऊद शकील (62) और मोहम्मद रिजवान (46) ने शतकीय साझेदारी की।

## कंपनी लाने जा रही आईफोन 17, सामने आई लॉन्च, कीमत और फीचर्स की डिटेल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** एपल कंपनी अपनी अगली सीरीज को लॉन्च करने की तैयारी में जुट गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐप्पल सितंबर 2025 में आईफोन 17 सिरिस का लॉन्च इवेंट आयोजित कर सकता है। जानकारी के अनुसार लीक से पता चलता है कि नए आईफोन मॉडल बड़े अपग्रेड के साथ आएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल, ऐप्पल चार मॉडल लाएगा । स्लीक डिजाइन, बेहतर डिस्प्ले, बेहतर परफॉर्मेंस और हाई-रिजॉल्यूशन वाले फ्रंट कैमरे के साथ, आईफोन 17 सीरीज में कई रोमांचक अपग्रेड देखने को मिलेंगे। रिपोर्ट में बताया कि ऐप्पल 11 से 13 सितंबर, 2025 के बीच आईफोन 17 को लॉन्च करेगा। फिलहाल कीमत की डिटेल तो सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत में आईफोन 17 की शुरुआती कीमत 79,900 रुपये हो सकती है। अन्य मॉडलों की कीमतें पिछले लॉन्च के अनुरूप होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईफोन 17



दिखने में आईफोन 16 जैसा ही होगा, लेकिन इसमें थोड़ा बड़ा 6.3 इंच का डिस्प्ले हो सकता है, जो इसे आईफोन 16 सिरिस के समान आकार का बना देगा। ऐप्पल सभी मॉडलों में प्रोमोशन (120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट) और ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले भी ला रहा है, जो पहले केवल प्रो वेरिएंट तक ही सीमित था। डिस्प्ले में बेहतर एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे यह ज्यादा स्क्रैच रेजिस्टेंट हो जाएगा।

## विराट कोहली ने रिकी पोंटिंग का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा, तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने


**नईदिल्ली(एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने इस मैच में शानदार शतक लगाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। 18 अगस्त, 2008 को श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले कोहली ने अब तक टेस्ट मैचों में 9,230 रन और वनडे में 14,085 रन बनाए हैं। उन्होंने 4,188 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। अब तीनों प्रारूपों में मिलाकर उनके 27503 रन हो गए हैं। पोंटिंग के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,483 रन दर्ज हैं। कोहली अब केवल सचिन तेंदुलकर (34,357) और कुमार संगाकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली ने मैच में अपना 51वां वनडे शतक लगाया। उनका यह वनडे शतक 465 दिन बाद आया है। उनका अंतिम वनडे शतक नवंबर, 2023 में विश्व कप



2023 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ आया था। इसके साथ कोहली सबसे तेज 14,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज (287 पारी) भी बने हैं। मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने पाकिस्तान से मिले 242 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए मैच जीत लिया।

## हम चूक गए, गूगल ने कर दिखाया, सत्या नडेला ने बताई माइक्रोसॉफ्ट की सबसे बड़ी गलती

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने स्वीकार किया कि उनकी सबसे बड़ी गलतियों में से एक यह थी कि वे इंटरनेट पर सर्च इंजन के दबदबे को सही समय पर नहीं समझ पाए। गूगल ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और इसे अपने सबसे बड़े व्यवसाय के रूप में विकसित किया। नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने शुरुआत में यह सोचा था कि वेब हमेशा डिसेंट्रलाइज्ड रहेगा, यानी अलग-अलग वेबसाइट स्वतंत्र रूप से काम करेंगी। लेकिन वे यह नहीं समझ पाए कि सर्च इंजन ही वेब का सबसे महत्वपूर्ण बिजनेस मॉडल बन जाएगा। उन्होंने इसे एक बड़ा सीखने वाला अनुभव बताया और कहा, हमने वेब पर सबसे बड़े बिजनेस मॉडल को समझने में चूक कर दी, क्योंकि हमने मान लिया था कि वेब सिर्फ स्वतंत्र रूप से बंटा हुआ रहेगा। यूट्यूबर द्वारकेश पटेल के साथ बातचीत में नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने सर्च इंजन की अहमियत को कम आंका,



जबकि गूगल ने इसे सही समय पर पहचान कर अपनी रणनीति को सफलतापूर्वक लागू किया। नडेला ने कहा, कौन सोच सकता था कि सर्च इंजन वेब को व्यवस्थित करने का सबसे बड़ा तरीका बन जाएगा? उन्होंने माना कि माइक्रोसॉफ्ट इसे समय पर नहीं समझ सका, जबकि गूगल ने इसे पहचाना और बेहतरीन तरीके से लागू किया। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ तकनीकी बदलाव को समझना काफी नहीं है, बल्कि यह भी पहचानना जरूरी है कि असली लाभ कहां मिलेगा। नडेला ने यह भी कहा कि व्यापार के तरीकों में बदलाव लाना, नई तकनीक सीखने से ज़्यादा मुश्किल होता है। उन्होंने अपने करियर में आए कई बड़े तकनीकी बदलावों को याद किया, जैसे मेनफ्रेम कंप्यूटर से पर्सनल कंप्यूटर तक का सफर और उसके बाद क्लाइंट-सर्वर आर्किटेक्चर का विकास। उन्होंने वेब के उभरने पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे मोज़ेक और नेटस्केप जैसे ब्राउजर आने के बाद माइक्रोसॉफ्ट को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। 1992 में सन माइक्रोसिस्टम्स में काम करने के बाद माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ने वाले नडेला ने तकनीकी दुनिया के कई बदलाव देखे हैं। उन्होंने मैंगलोर यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री ली है, यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी से कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो से एमबीए किया है

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा




**नईदिल्ली(एजेंसी)।** पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन स्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। बता दें कि आईएसकेपी सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान में अभी चैंपियंस ट्रॉफी के तहत एक सेमीफाइनल सहित कुल 7 मुकाबले खेले जाने हैं। इनमें 3 मैच रावलपिंडी, 3 लाहौर और एक कराची में खेला जाएगा। इन मैचों में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें खेलेंगी। इस बीच आतंकी हमले की सूचना ने पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं।

## मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करने और एक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

**नईदिल्ली।** इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसेडिंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विज़न पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया। मिनिस्टर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इलेक्रामा और अन्य उद्योग केंद्रित प्रदर्शनियों सहित प्रमुख प्रदर्शनियों को एक शोकेस में विलय करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए वन-स्टॉप शॉप बन सके। श्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में सबसे आगे है और हमारा इलेक्ट्रिकल उद्योग इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई अलग-अलग प्रदर्शनियों की मेजबानी करने के बजाय, हमें एक साथ मिलकर एक संयुक्त और बड़े स्तर का आयोजन करना चाहिए जो दुनिया के सामने हमारी पूरी क्षमताओं को प्रदर्शित करे।

## इंडियन कंज़्यूमर इनिशिएटिव और प्रमुख उपभोक्ता संगठनों ने सरकार को अपना प्रतिनिधित्व सौंपा

**नईदिल्ली।** इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसेडिंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विज़न पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया। मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इलेक्रामा और अन्य उद्योग केंद्रित प्रदर्शनियों सहित प्रमुख प्रदर्शनियों को एक शोकेस में विलय करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए वन-स्टॉप शॉप बन सके। श्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में सबसे आगे है और हमारा इलेक्ट्रिकल उद्योग इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई अलग-अलग प्रदर्शनियों की मेजबानी करने के बजाय, हमें एक साथ मिलकर एक संयुक्त और बड़े स्तर का आयोजन करना चाहिए जो दुनिया के सामने हमारी पूरी क्षमताओं को प्रदर्शित करे। 1,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100,000 से ज्यादा विजिटर्स और सबसे बड़े वैश्विक निवेशकों की भागीदारी वाली एक प्रदर्शनी की कल्पना कीजिए - यह भारत को वैश्विक इलेक्ट्रिकल उद्योग के केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगा। उन्होंने इस विज़न को साकार करने में उद्योग संगठनों की अगुवाई की जरूरत पर जोर दिया, ताकि भारत के डॉमेस्टिक सेक्टर की मजबूती और निर्यात और वैश्विक साझेदारी का भी विस्तार सुनिश्चित किया जा सके।


छत्तीसगढ़ शासन
महाशिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्व के पावन अवसर पर
26 फरवरी 2025 को
त्रिवेणी संगम
राजिम में पुण्य स्नान
महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करता हूं, कुलेश्वर महादेव की कृपा सभी पर बनी रहे।
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
SAMVAD- 42976/ 99